# महाकाल के आंगन से शुरू हुआ रंगोत्सव

**उज्जैन।** धर्म और आस्था की राजधानी मानी जाने वाली उज्जैन में इस वर्ष होली का पर्व परंपरा, पर्यावरण संरक्षण और नए नियमों के संगम के रूप में मनाया गया। महाकाल की नगरी में होली की शुरुआत बाबा महाकाल के आंगन से हुई और फिर पूरा शहर रंगोत्सव में डूब गया। मंदिरों, चौक-चौराहों और धार्मिक स्थलों पर भक्ति और उल्लास का अनूठा वातावरण दिखाई दिया। सिंहपुरी में 5000 कंडों की होली आकर्षण का केंद्र रही।

सबसे पहले महाकाल में विधिवत पूजन और प्रतीकात्मक गुलाल अर्पण के साथ होली का शुभारंभ हुआ। इसके बाद मंगलनाथ मंदिर, काल भैरव मंदिर और हरसिद्धि माता मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक होली पर्व मनाया। वैष्णव मंदिरों में भी होली की धूम रही। पूर्णिमा तिथि पर प्रदोष काल में वैदिक रीति से होलिका पूजन हुआ। चारों दिशाओं में चारों वेदों के ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं से पूजन कराया। सिंहपुरी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं गोत्रानुसार पूजन के लिए पहुंचीं। यह आयोजन उज्जैन की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करता है। इस वर्ष लायंस ऑफ उज्जैन ने भी कंडों की होली का विशेष आयोजन किया। फ्रीगंज स्थित टॉवर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों नागरिक शामिल हुए। शाम से प्रारंभ हुए आयोजन में विधिपूर्वक होलिका दहन किया गया और बाद में प्रसाद वितरण हुआ। इस पहल को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। इस बार होली के साथ चंद्रग्रहण की स्थिति को लेकर भी पुजारियों और पंडितों ने श्रद्धालुओं को सूतक काल और पूजन संबंधी आवश्यक जानकारी दी। किस समय पूजा करनी है और किन नियमों का पालन करना है।



### सिंहपुरी कीसबसे बड़ी इको-फ्रेंडली होली

सिंहपुरी क्षेत्र स्थित आताल-पाताल भैरव परिसर में शहर की सबसे बड़ी और इको-फ्रेंडली होलिका दहन की परंपरा वर्षों से निभाई जा रही है। यहां करीब 5 से 5.5 हजार कंडों से गोलाकार होलिका सजाई जाती है। बीच में प्रह्लाद स्वरूप ध्वज स्थापित किया जाता है और ब्रह्म मुहूर्त में पारंपरिक विधि से दहन किया जाता है। मान्यता है कि केवल कंडों से तैयार यह होलिका पर्यावरण को क्षति नहीं पहुंचाती और प्रकृति संरक्षण का संदेश देती है। बता दें कि सिंहपुरी में सबसे बड़ी होली जलाई जाती है। जिसे देखने काफी लोग आते हैं।



# युवक का अपहरण करने वालों को एक घंटे में किया गिरफ्तार

- नाकाबंदी कर की गई थी घेराबंदी,
- चाके के साथ कार जब्त

**उज्जैन।** जिले की पुलिस अभी गश्त के साथ चैकिंग के साथ दबिश देकर अनेक अपराधों का खुलासा कर बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही है। इस कार्यशैली और सक्रियता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उन्हें राशि देकर सम्मानित भी कर रहे हैं। इसी क्रम में बीती शाम पानी पतासी का ठेला लगाने वाले युवक का चार लोगों ने अपहरण कर लिया और 2 लाख की फिरौती मांगी। पुलिस ने चंद घंटे में मामले का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर अपहरण में प्रयुक्त कार जप्त की है।

भिंड का रहने वाला विजयसिंह कुशवाहा कुछ सालों से ग्राम बालोदा लक्खा में निवास कर रहा है और सुंदराबाद फंटा पर पानी पतासी का ठेला लगाता है। रविवार देर शाम कार से आए चार युवकों ने मारपीट करते हुए विजयसिंह का अपहरण कर लिया। उन्होंने 2 लाख की फिरौती मांगी। युवक का अपहरण होने की जानकारी भाटपचलाना थाना पुलिस को मिली तो पुलिस ने तत्काल ही नाकाबंदी कर युवक को छुड़ाने का अभियान शुरू कर दिया। करीब 10 से 12 किलोमीटर के क्षेत्र में सर्चिंग करने के बाद पता चला कि कार बड़नगर की ओर गई है। पुलिस ने बड़नगर का रुख किया और जस्सा खेड़ी पुलिया के पास कार की घेराबंदी कर ली। चार युवकों को हिरासत में लिया गया और विजय सिंह को मुक्त कराया। अपहरण करने वाले चारों युवकों को थाने लाया गया जहां उनके नाम प्रहलाद खेरवाल, राघवेंद्र कुशवाहा, सुनील सोलंकी और रंजीत डोडिया निवासी बड़नगर होना सामने आए। चारों के खिलाफ अपहरण और फिरौती मांगने के साथ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि विजयसिंह का बेटा कुछ समय पहले अपहरण में शामिल राघवेंद्र की बेटी को अपने साथ भगाकर ले गया था। जिसके चलते विजय सिंह और राघवेंद्र के बीच रंजिश हो गई थी। इस बात का बदला लेने के लिए अपहरण और फिरौती मांगने की बात को अंजाम दिया गया है।

### पर्दाफाश करने में इनकी रही भूमिका

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि अपहरण के मामले का पर्दाफाश कुछ घंटे में ही कर लिया गया। युवक को छुड़ाने में एसआई कन्हैयालाल मचार, प्रधान आरक्षक परमिंदर यादव, शैलेंद्र सिंह सिसोदिया, आरक्षक सुंदरलाल भंवर, हितेश निंबोला, विजय जाट, सुनील चौधरी, मुकेश नागर और सैनिक अजय पाल सिंह की भूमिका रही है। आरोपियों से एक चाकू, कार जब्त किया गया है। चारों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# पुलिस ने ली डीजे संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक

**उज्जैन।** पुलिस ने शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने और आगामी त्योहारों को गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शहर के समस्त डीजे संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण और आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों की सुविधा सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभी संचालक शासन द्वारा निर्धारित नियमों और मानक डेसिबल सीमा के भीतर ही साउंड सिस्टम का संचालन करेंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। वर्तमान में चल रही बच्चों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, उज्जैन पुलिस ने संवेदनशीलता का परिचय दिया है।



# सीए परीक्षा में आकांक्षा ने लहराया परचम

- द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के परिणाम घोषित

उज्जैन। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा घोषित सीए फाइनल जनवरी 2026 परीक्षा परिणाम में शहर की पद्मावती एवेन्यू निवासी छात्रा आकांक्षा ने सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कड़ी मेहनत और अनुशासित अध्ययन के दम पर दोनों ग्रुप में सफलता प्राप्त की। अकांक्षा मीणा ने सीए फाइनल के दोनों ग्रुप एक साथ उत्तीर्ण किए। ग्रुप-1 में उन्होंने फाइनेंशियल रिपोर्टिंग में 62, एडवांस्ड फाइनेंशियल मैनेजमेंट में 58 और एडवांस्ड ऑडिटिंग, एश्योरेंस एंड प्रोफेशनल एथिक्स में 56 अंक प्राप्त किए। इस ग्रुप में उनका कुल योग 176 रहा। वहीं ग्रुप-2 में डायरेक्ट टैक्स लॉ एंड इंटरनेशनल टैक्सेशन में 58, इंडायरेक्ट टैक्स लॉ में 63 और इंटीग्रेटेड बिजनेस सॉल्यूशंस में 48 अंक हासिल करते हुए कुल 169 अंक प्राप्त किए। उनका ग्रैंड टोटल 345 अंक रहा। सफलता पिता विष्णु मीणा माता सविता मीणा व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## एक नजर में

### भाविप विक्रमादित्य आठवीं बार सम्मानित



**उज्जैन।** भारत विकास परिषद विक्रमादित्य उज्जैन को स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने एवं प्रांत में सर्वाधिक स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए लगातार 8वीं बार उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष डॉ. प्रशांत पाटीदार एवं सचिव डॉ. विशाल पाटीदार ने बताया कि उक्त प्रतिष्ठापूर्ण सम्मान संस्था संरक्षक भगवान शर्मा ने रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी, रीजनल सेवा प्रमुख प्रदीप चोपड़ा एवं प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल के हाथों प्रांतीय बैठक में प्राप्त किया। तनु रुद्रेश शर्मा ने जानकारी दी कि संस्था ने अपने सिग्नेचर प्रोजेक्ट के माध्यम से डॉ. जी व्यास, डॉ. रुपेश खत्री, डॉ. राहुल नागर, डॉ. मुस्तफा सिंगापुरवाला, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. बीके मालवीय के मार्गदर्शन में अभी तक 74 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से सात हजार से अधिक लोगों का नि:शुल्क ऑपरेशन करवाने के साथ लाखों मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिलवाया है। इस उपलब्धि पर सुनील शर्मा, रवि शर्मा, सुभाष पाठक, गिरीश पाठक, प्रतीक व्यास, आनंद श्रीवास्तव, अनिरुद्ध नाहर, दीपक पाटीदार, संजीव आचार्य, माया शर्मा, शुभम नागर, ऊषा शर्मा, सरिता पाटीदार, श्वेता पाटिल, नीलम पाटीदार, सुमन मालवीय, प्रभा शुक्ला, तरुण शितोले, आशीष यादव, सुनील सोनी, सागर सक्सेना, अंशुल कोतलकर ने संस्था सदस्यों को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।



### शाम-ए-सम्यक में सूफी गज़लों पर झूमे श्रोता

**उज्जैन।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सम्यक् की द्वितीय साधारण सभा देवास रोड स्थित सुमन गार्डन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। शाम-ए-सम्यक के नाम से आयोजित इस विशेष संगीतमय संध्या ने साधारण सभा को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम में सुर, ताल और संगीत के बीच उत्साह और आत्मीयता का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में मुंबई से आए फिलासफी बैंड के गायक सिद्धार्थ द्विवेदी और उनकी टीम ने सूफी, शास्त्रीय, ग़ज़ल और आधुनिक गीतों की मनोहारी प्रस्तुति दी। ग्रुप अध्यक्ष नीरज मेघना सोगानी ने आयोजन की सफलता का श्रेय संयोजक मंडल को दिया। उन्होंने बताया कि यशी अनुभव जैन, एकता डॉ. सौरभ जैन, सोनाली डॉ. नितिन जैन, सुरभि यशवर्धन जैन, नेहा सुधीर गोधा, सुचिता प्रतीक बोहरा, श्रद्धा आयुष जैन और दामिनी अमन गोधा ने सूक्ष्म योजना और परिश्रम के साथ कार्यक्रम को उत्कृष्ट रूप प्रदान किया। गौरव नीतू लुहाड़िया और आयुष वर्तिका कासलीवाल ने सभी आभार व्यक्त किया। समापन पर तेजकुमार विनायका की माता शांति बाई विनायका के देहावसान पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### कल बंद रहेगा दौलतगंज थोक किराना बाजार

**उज्जैन।** धुलेंडी पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 4 मार्च, बुधवार को दौलतगंज होलसेल किराना मार्केट में संपूर्ण अवकाश रहेगा। यह निर्णय दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक साधारण सभा में लिया गया। संस्था के सचिव आशिष जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि अवकाश को लेकर यह बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय रोहरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि त्योहार को देखते हुए बुधवार को थोक किराना बाजार पूरी तरह से बंद रखा जाएगा।

# श्री रविदास सेवक संघ की महिलाओं ने फाग उत्सव मनाया

- शोकग्रस्त परिवारों के घर रंग डालने की परंपरा को निभाने की बात कही

**उज्जैन।** श्री रविदास सेवक संघ के तत्वाधान में फाग उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी ने किया। आयोजन समाज की धर्मशाला, राजीव नगर में सम्पन्न हुआ, जहां समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने हर्षोल्लास के साथ गुरु रविदास की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आरती के उपरांत फाग उत्सव आयोजित हुआ, जिसमें समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक फूलों की होली खेली और रविदास जी के भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आशा सूर्यवंशी, उनकी महिला कार्यकारिणी तथा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल सूर्यवंशी ने समाज के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने होली के अवसर पर समाज द्वारा गैर निकालकर शोकग्रस्त परिवारों के घर पहुंचकर रंग डालने की परंपरा को निभाने की बात कही, जिससे संवेदना, सहभागिता और सामाजिक एकता का संदेश समाज में प्रसारित हो। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सचिव राकेश सूर्यवंशी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाली सभी महिलाओं एवं पुरुषों का आभार व्यक्त किया।

# होली-रंगपंचमी से पहले पुलिस ने संभाला मैदान

- नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल पर नेशनल कॉन्क्लेव का आयोजन

**उज्जैन।** होली-रंगपंचमी पर कानून व्यवस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस मैदान संभाल चुकी है। पुलिस अधीक्षक खुद मैदान में दिखाई दे रहा है। थाना अनुभाग में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। गुंडे बदमाशों के बाउंड और के साथ डोजियर फॉर्म भरवा जा रहे हैं। 3-4 मार्च को होली का पर्व मनेगा, वहीं 8 मार्च को रंगपंचमी की मस्ती छायेगी। रंगों के पर्व में कोई खलल ना पड़े इसको लेकर पुलिस मैदान संभाल चुकी है। आदतन गुंडे-बदमाशों को थाने पर तलब कर बाउंड ओवर के साथ डोजियर फार्म भरवाये जा रहे और अपराध नहीं करने की हिदायत भी दी।



### नीलगंगा क्षेत्र में बदमाशों की परेड़

त्योहारों से पहले बदमाशों को दी जा रही हिदायत और बाउंड ओवर के साथ डोजियर फार्म भरवाने के अभियान में नीलगंगा थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र के आदतन बदमाशों की रविवार शाम परेड़ कराई। थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बदमाशों को संदेश दिया कि अगर छोटा सा अपराध किया तो सख्त कार्रवाई कर सीधे जेल भेजा जायेगा। त्योहारों को शांति-सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाये। माधवनगर से नानाखेडा थाना क्षेत्र में निकले मार्च के साथ ही महाकाल क्षेत्र में डीएसपी भारतसिंह और विक्रमसिंह कनपुरिया के नेतृत्व में मार्च निकाला गया।

# कर्त्तव्य पहले ही प्रयास में बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

**उज्जैन।** शहर के होनहार युवा कर्त्तव्य अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) की प्रतिष्ठित परीक्षा के सभी स्तरों को अपने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर एक उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। दिलीप अग्रवाल के पुत्र कर्त्तव्य ने जनवरी 2026 की इस कठिन परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है, जिसका कुल परीक्षा परिणाम मात्र 10 प्रतिशत रहा है। कर्त्तव्य ने अपना प्रायोगिक प्रशिक्षण पुणे स्थित प्रतिष्ठित फर्म कीर्तने एंड पं. एलएलपी से पूरा किया। वे नियमित रूप से प्रतिदिन 15 से 16 घंटे तक अध्ययन करते थे। कर्त्तव्य की मेहनत, आत्मविश्वास के परिणाम स्वरूप मुकाम हासिल हुआ है।

# ई-टेंडर प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया

- लाइसेंसियों तथा आबकारी अधिकारियों की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन ने बताया कि, आबकारी नीति 2026-27 के प्रावधानों के अनुरूप उज्जैन जिले की 124 कंपोजिट मदिरा दुकानों में से 46 कंपोजिट मुदिरा दुकानों के 10 समूह का निष्पादन बैच-1, 2 मार्च 2026 को ई-टेंडर कम आक्शन तथा ई-टेंडर के माध्यम से जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला निष्पादन समिति के उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया जाएगा। शेष मदिरा दुकानों का निष्पादन बैच-2 में 5 मार्च 2026 को तथा बैच-3 में 7 मार्च 2026 को किया जाएगा। निष्पादन से शेष रही मदिरा दुकानों का निष्पादन अगले चरणों में किया जाएगा।

जिले की मदिरा दुकानों के सफल निष्पादन हेतु सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन ने लाइसेंसियों तथा आबकारी अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली गई। बैठक में लाइसेंसियों को ई-टेंडर कम आक्शन तथा ई-टेंडर की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने हेतु भागीदारों को ई आबकारी पोर्टल पर ऑनलाइन कांट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम आक्शन द्वारा निष्पादित की जाने वाली कंपोजिट मदिरा दुकानों/समूहों के नाम प्रदर्शित करने वाली सूची, उनका स्थान, उनका आरक्षित मूल्य, जमा की जाने वाली धरोहर राशि, देशी एवं विदेशी मदिरा की खपत से संबंधित जानकारी सहायक आबकारी आयुक्त जिला उज्जैन के कार्यालय से किसी भी दिवस कार्यालयीन समय में एवं एनआईसी के पोर्टल एमपी tenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

# 2 अप्रैल को हनुमत कृपा महायज्ञ होगा

- बड़नगर रोड पर अर्जीवाले हनुमान मंदिर पर होगा आयोजन

**उज्जैन।** मोहनपुरा, बड़नगर रोड स्थित अर्जीवाले हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब जी कटारिया आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए पहुंचेंगे और हनुमान जी को अर्जी भी लगाएंगे। 15 अप्रैल के बाद राज्यपाल के कार्यालय से उज्जैन प्रशासन को उनके आने की विधिवत सूचना प्राप्त हो जाएगी। मंदिर प्रवास के दौरान राज्यपाल के चार मुख्य कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। वे सबसे पहले हनुमत ध्वज मंदिर पर ध्वजारोहण करेंगे और उसके बाद रुद्राक्ष के पौधे का रोपण करेंगे। इसके पश्चात हनुमत कृपा महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें 108 श्रद्धालु जोड़े आहुतियां देंगे। राज्यपाल इस सामूहिक यज्ञ में भाग लेकर राज्य और अपने परिवार के कल्याण के लिए आहुति देंगे। कार्यक्रम के अंत में वे अर्जीवाले हनुमान मंदिर परिसर में स्थित महामृत्युंजय महाकाल पर सपरिवार महारुद्राभिषेक करेंगे। गुरु मां आनंदमयी, प्राणेश शुक्ला, नीलेश पांचाल ने उज्जैन की सभी धर्मप्रेमी जनता से हनुमत कृपा महायज्ञ में शामिल होने की अपील की है।

# कोली समाज पंचायत की होली गैर 4 मार्च को

**उज्जैन।** कोली समाज पंचायत द्वारा 4 मार्च को सुबह 9 बजे सामाजिक होली गैर निकाली जाएगी। समाज के पदाधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि परंपरा के अनुसार गैर की शुरुआत स्थानीय होली टेकरा डाबरी पीठा से होगी। यहां सभी समाजजन एकत्रित होकर कोली समाज की धर्मशाला स्थित भैरव महाराज का पूजन करेंगे। पूर्व सांसद स्व. हुकुमचंद कछवाय के निवास पर सुनील कछवाय द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है। यहां समाजजन होली मिलन समारोह में शामिल होने के बाद अन्य परिवारों के घर भी पहुंचेंगे। इस सामाजिक परंपरा का गरिमापूर्ण निर्वाह करने का अनुरोध किया है।

# कल निकलेगी श्री चिड़ार समाज की गैर

**उज्जैन।** होली उत्सव यूं तो उत्साह और उमंग का त्योहार रहता है। लेकिन जिन लोगों के यहां गमी हो जाती है। वहां पर भी जाकर रंग डालकर सांत्वना देते है। इसी क्रम में श्री चिड़ार समाज द्वारा इस वर्ष 4 मार्च को होली की गुलाल गैर निकाली जाएगी। इस आयोजन में समाज के लोग एक साथ एकत्रित होकर गमी वाले परिवारों पर रंग डालने निकलेंगे।

सभी समाजजन मोहन नगर स्थित अम्बे माता मंदिर पर बुधवार सुबह 8.45 बजे एकत्रित होंगे। अम्बे माता मंदिर पर सभी के एकत्रित होने के बाद गैर सबसे पहले नाका नंबर 5 जाएगी। इसके बाद सेठी नगर पहुंचेगी।

**महाकाल में विवाद** — मंदिर समिति ने दोनों पर कार्रवाई की, पंडित पर प्रतिबंध, गार्ड को हटाया

# महाकाल में गेट नंबर 1 पर एंट्री को लेकर महिला गार्ड व पंडित में विवाद

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में सोमवार को निजी एजेंसी की महिला गार्ड ज्योति परमार और राजस्थान से श्रद्धालुओं को गेट नंबर 1 अवंतिका द्वार से एंट्री कराने को लेकर पंडित कमलेश शर्मा के बीच विवाद हो गया।

मंदिर समिति ने विवाद का वीडियो सामने आने के बाद दोनों पर कार्रवाई करते हुए पंडित को उक्त गेट से प्रवेश करने पर प्रतिबंधित कर दिया। वहीं महिला गार्ड को भी ड्यूटी हटा दिया गया है। वीडियो में दोनों के बीच झूमाझटकी होते साफ दिख रही थी। गार्ड का कहना था कि पंडित राजस्थान के आधार कार्ड दिखाकर श्रद्धालुओं को गेट से ले जा रहा था। रोकने पर विवाद करने लगा। वहीं पंडित का कहना है कि कुछ श्रद्धालुओं के पास स्थानीय व कुछ के पास बाहर के कार्ड थे। वह बात कर रहा था। इस बीच ही महिला गार्ड ने अभद्रता शुरू कर दी। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने कहा कि दोनों की गलती को देखते हुए कार्रवाई की गई है। इधर महाकाल मंदिर में दान के साथ वीआईपी के आने का सिलसिला निरंतर जारी है। वहीं महाकाल मंदिर समिति को दान के रूप में कुछ ना कुछ आता ही रहता है। जिसमें कभी एसी तो कभी हिसाब किताब रखने के लिए कंम्प्यूटर सिस्टम के साथ ही आरओ प्लांट आदि मशीन यहां पर दान में आ चुकी है। इसके साथ चांदी भी आई। इसी क्रम में महाराष्ट्र के पुणे से आए एक भक्त ने महाकाल मंदिर में पुरोहित पीयूष चतुर्वेदी, विपुल चतुर्वेदी की प्रेरणा से अपनी पुत्री कुमारी अनुभवी के हाथों 2 किलो चांदी से बना एक आकर्षक अभिषेक पात्र दान स्वरूप भेंट किया। मंदिर समिति ने नंदीहाल में दानदाता भक्तों का सम्मान किया।



### त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा महाकाल आए

**उज्जैन।** त्रिपुरा के सीएम डॉ. माणिक साहा सोमवार को उज्जैन आए। इस दौरान उन्होंने परिवार के साथ भगवान महाकाल के दर्शन किए। डॉ. साहा ने नंदी हाल में करीब 10 मिनट बैठकर पूजन-अर्चन किया। पूजन पुजारी जितेंद्र शर्मा ने कराया। मंदिर समिति की ओर से कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने उनका स्वागत किया। मीडिया से चर्चा में डॉ. माणिक साहा ने कहा कि वे करीब 50 साल बाद महाकाल मंदिर आए हैं।